भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
25.03.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 5429 का उत्तर

रेलवे की 'पिंक बुक' का बंद किया जाना

5429. श्री दीपक अधिकारी (देव):

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत दो वर्षों के दौरान रेलवे में 'पिंक बुक' का प्रकाशन बंद किए जाने के क्या कारण हैं; और

(ख) क्या आगामी वर्षों में उक्त पुस्तक का प्रकाशन करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): प्रत्येक क्षेत्रीय रेल और उत्पादन इकाई के लिए एक समेकित बजट विवरण तैयार किया जाता है जिसमें आय, कार्यचालन व्यय, पूंजीगत व्यय, कार्यों की सूची आदि का विवरण शामिल होता है। 2025-26 के लिए समेकित बजट विवरण सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है और इसे भारतीय रेल की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त, 2026-27 के लिए समेकित बजट विवरण तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

*****